तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 सितंबर 2025

4
किसान, महिलाओं और युवाओं की प्रगति ही राज्य का भविष्यः मुख्यमंत्री साय





# जो जागता है वही जगाता है और जो जुड़ता है वही जोड़ता हैः कैलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय में आयोजित 40वें चक्रधर समारोह के समापन समारोह में रायगढ़ पहुंचे पद्मश्री कैलाश खेर ने शनिवार की दोपहर होटल ट्रीनिटी में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि जो जगता है वहीं जगाता है और जुडता है वहीं जोडता है। आप अगर प्रकाशित हो जाएं तो आप अन्यों को प्रकाशित करें। कल का शो बहुत ही प्यारा रहा, यहां चक्रधर समारोह में आना ही बहुत गजब रहा। शास्त्रीय संगीत के योगदान के बारे में उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत से पहले गांवों, गली मोहल्लों में लोक संगीत होता था जो हमारी असली पहचान है, वहीं से शास्त्रीय संगीत भी निकला है। पढ़े लिखे लोगों को शास्त्रीय संगीत पसंद आता है और कम पढ़े लिखे



लोगों को फोक संगीत ही पसंद आता है। संगीत भारत के रग रग में बसा है। यहां तो भीक्षा मांगने वाला भी गाना गाकर भीक्षा मांगता है। चक्रधर समारोह जैसे बड़े आयोजन सरकारों को लगातार कराते रहना चाहिए जिसके कारण कलाकारों को आगे बढ़ने के लिये मंच मिले सके, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार बहुत कुछ कर रही है। सरकार बड़े काम कर रही है लेकिन सरोकार जिन्हें जनता कहा जाता है, अब उनको भी खड़ा होना पड़ेगा। सरकार और सरोकार साथ में अगर जुड़ जायें फिर देखो चमत्कार। ये समय है हम सब को जो जहां है वहीं से सभी को अपने कर्तव्य को पूर्ण करने का लक्ष्य लेकर सोंचे मुझे भी अपने देश को संवारना है। हमारी संस्कृति को बचाने के लिये परंपराओं का निर्वहन करते रहना चाहिए। हमारे त्यौहारों को बचाना, हमारी परंपराओं को बचाना, बड़ो का आदर करना, बड़ो का पैर छून, ये सब को जीवित रखना हमारा कर्तव्य है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नई जनरेशन को हम ही कान्वेंट की तरफ ढकेलते हैं, भले ही हम कम पढ़े लिखें हों लेकिन हम नई पीढ़ी को कान्वेंट में ढकेल रहे हैं। वो अंग्रेजी के कई शब्द सीख रहे है, जिसमें बडो का पैर नहीं छूना भी शामिल है। ऐसे में बड़ो बुजुर्गो को भी सम्हलने की जरूरत है। नवजवानों को हमारे बुजुर्ग ही बिगाड रहे।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आज

**रायगढ़।** शासकीय व निजी शिक्षण संस्थानों में सेवारत व सेवानिवृत्त शिक्षकों का 5वां सम्मान समारोह 7 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से सामुदायिक भवनए गौशाला के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार होंगी। अध्यक्षता संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी व जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पधारे सभी शिक्षाविदों का सम्मान शाल व श्रीफल देकर किया जाएगा। जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव, पार्षद विकास ठेठवार, अमृत काटजू, अनुपमा यादव ने कार्यक्रम में सभी कांग्रेसजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**घरघोड़ा।** शिक्षा विभाग घरघोड़ा द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों सहित कार्य स्थल विद्यालय पर बेहतरीन रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित करने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में नगर सहित ग्रामीण अंचलों मे निवास करने वाले सेवा निवृत शिक्षकों गणमान्य नागरिकों के साथ शिक्षकों, संकुल समन्वयकों, उमाशा एवं हाई स्कूल के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे द्य जिला पंचायत सदस्य मुरली राठिया प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ अनिल पैंकरा की उपस्थिति में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रधान पाठक, प्राचार्य से कार्य क्षेत्र मे बेहतरीन कार्य करने की अपेक्षा जाहिर कर शिक्षक दिवस की शुभकामनायें एवं सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए शिक्षण सत्र के दौरान उपलब्धिजनक कार्य करने विषय पर अपना सम्बोधन दिया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने पुरातन संस्कृति से वर्तमान समय तक गुरु की महत्ता को स्वीकार करते हुए उन्हें वंदनीय बताया द्यकार्यक्रम के शुभारम्भ मे शिक्षक दिवस के प्रणेता डॉ.सर्वपल्ली राधा कृष्णन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करते हुए पुष्प अर्पित की गई।

### प्रतिनिधिमंडल ने सीएम साय से की मुलाकात

**रायगढ़।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छात्र व मदरसा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों को ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी। मुलाकात के दौरान प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने संगठन व सामाजिक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की। इस मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छात्र व मदरसा प्रकोष्ठ के रायगढ़ विभाग संयोजक सैय्यद इफ्तेखार चिंटू साबरी, जिला सहसंयोजक हैदर खान रजा, कोषाध्यक्ष नियाज खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मालखरौदा।** 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम चारपारा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को ग्राम चारपारा में आरोपी रामकुमार जोशी के द्वारा अवैध कच्ची मऊहा शराब को बिक्री की जाती है। पुलिस ने उक्त आरोपी के घर जाकर दबिश दी।

### कभी यहां दर्जनभर गावों के लोग आते थे नहाने, अब गंदगी से पट गया तालाब

# 10 सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा विजयपुर का केंवटामुड़ा तालाब..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के विजयपुर वार्ड क्रमांक 47 में महर्षी स्कूल के आगे स्थित केंवटामुड़ा तालाब बीते 10 सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। कभी यहां दर्जनभर से अधिक गांवों के लोग नहाने आते थे, सुबह से शाम तक तालाब में लोगों भी भीड़ नजर आती थी, लोग पीने के लिए इस तालाब का पानी लेकर जाते थे, लेकिन अब यह तालाब गंदगी, जलकुंभी और झाड़ से पट गया है। नगर निगम क्षेत्र में होने के बावजूद भी शहर सरकार इस तालाब के जीर्णोद्धार के लिए प्रयास नहीं कर रही है।

दरअसल इन क्षेत्रों में नदी नहीं होने से पहले के लोग तालाबों पर ही निर्भर हुआ करते थे। उस समय यह केंवटामुड़ा तालाब लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र हुआ करता था। इस तालाब में बोईरादादर, विजयपुर, गोपालपुर, कोरियादादर, भिखारीमाल, कोतरलिया, पतरापाली सहित दर्जनभर क्षेत्रों के लोग नहाने के लिए आते थे। यहां का पानी इतना साफ था कि लोग उसे पीने के लिए भी लेकर जाते थे। सुबह से शाम तक दर्जनों की संख्या में लोगों की भीड़ लगी रहती थी। गर्मी के दिनों में युवाओं व बच्चों को तालाब में तैराकी व मौज मस्ती करते देखा जाता था, लेकिन अब सब कुछ अतीत बन कर रह गया है। बीते 10 सालों से उपेक्षित विजयपुर का केंवटामुड़ा तालाब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। गंदगी के कारण तालाब का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि अब वह नहाने लायक नहीं रह गया। जिससे अब लोग तालाब नहाने आने से भी कतराते हैं। वहीं अभी के समय में लोगों के घरों में जन व बोरपंप की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर वो इस धरोहर को भूला चुके हैं। इस तालाब की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को लेकर क्षेत्र जिम्मेदारों ने अपनी आखें मूंद ली है। देखरेख के अभाव में तालाब के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।



#### दर्जनों तालाब खो चुके हैं अपना अस्तित्व

ज्ञात हो कि शहरी क्षेत्र के दर्जनों तालाब अव्यवस्था की भेंट चढ़ कर अपना अस्तित्व खो चुके हैं। कई तालाबों पर तो कब्जा कर भवन निर्माण करा दिया गया है। कुछ तालाब देखरेख के अभाव में सिर्फ सूखे गड्ढे तो दलदल से पटे डबरी बनते जा रहे हैं, लेकिन तालाबों को सहेजने के लिए जिम्मेदार आगे आने से कतरा रहे हैं। ज्ञात हो कि गर्मी के दिनों में लोग राहत पाने के लिए नदी-तालाबों की ओर रुख करते हैं। जिन क्षेत्रों में नदी नहीं वे अपने गांव के तालाब से ही संतुष्ट रहते हैं, लेकिन जब तालाब में न कोई घाट हो, तालाब का पानी प्रदूषित हो, तालाब कचरों से पटा हो तो लोग कैसे उस पानी में नहा सकते हैं।

#### पानी में खुजली की भी शिकायत

स्थानीय लोगों ने बताया कि अब तालाब के पानी में खुजली की शिकायत मिल रही है। अगर उक्त तालाब के पानी में कोई हाथ पैर भी धो ले तो खुजली होने लगती है। यह एक गंभीर विषय है, समय रहते अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया तो क्षेत्र के लोगों को बीमारी फैलते देर नहीं लगेगी। कुछ लोगों ने बताया कि तालाब के पानी से काफी तेज दुर्गंध भी आती है। जिससे तालाब किनारे खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है।

#### जलकुंभी व झाड़ से पटा तालाब

इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरा तालाब जलकुंभी व झाड़ से पटा हुआ है। जिससे पानी में उतरते ही लोग उक्त झाड़ में फंस कर डूब सकते हैं। ऐसे में पानी में घुसना मतलब जान खतरे में डाला है। बीते 10 सालों से इस तालाब की साफ-सफाई नहीं हुई है, जिससे दिन-ब-दिन तालाब की हालत दयनीय होती जा रही है।

#### टूट गए पचड़ी, घाट का कोई पता नहीं

स्थानीय लोगों ने बताया कि कभी इस तालाब के चारों तरफ पचड़ी हुआ करते थे। जहां गर्मी के दिनों में लोग पचड़ी में बैठ कर हवा और तालाब के पानी का आनंद लेते थे, लेकिन देखरेख के अभाव में पचड़ी भी टूट गई। अब तो उक्त तालाब में सिर्फ नाम मात्र का घाट है। जो पुराने लोग हैं उन्हें ही पता है कि कहां पर घाट था, वरना नया व्यक्ति तो घाट ढूंढते रह जाता है।

इस तालाब में शहर सहित आसपास के करीब 10 से अधिक गावों के लोग निस्तारी करने आते थे। बीते 10 सालों से तालाब की हालत दयनीय है। चूंकि यह निजी तालाब है, इसके जीर्णोद्धार के लिए मैनें तालाब के मालिक से कई बार बात की, लेकिन वो मानने को तैयार नहीं है। जिससे इस धरोहर के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है।

**संतोषी पदुम लाल प्रजा**
पार्षद वार्ड क्रमांक 47

# मिड-डे मील में मिले कीड़े प्राचार्य को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक व स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों खर्च हो रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। घोर लापरवाही का ताज़ा मामला घरघोड़ा विकासखंड के संकुल केंद्र टेरम स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से उजागर हुआ है। 4 सितंबर को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन (मिड-डे मील) में कीड़े मिले हैं। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी में नोटिस जारी कर प्राचार्य से जवाब मांगा है। नोटिस के अनुसार साफ-सफाई और सावधानी बरतने के शासन के सख्त दिशा-निर्देशों को दरकिनार करते हुए बच्चों की सेहत के साथ सीधा खिलवाड़ किया गया। निरीक्षण दल ने स्पष्ट रूप से पाया कि भोजन तैयारी के दौरान न तो स्वच्छता का ध्यान रखा गया और न ही निर्धारित नियमों का पालन किया गया। प्राचार्य किशोर देवांगन पर यह आरोप है कि उनकी सीधी निगरानी में बच्चों को गंदा



भोजन परोसा जा रहा था। यह आचरण न सिर्फ घोर लापरवाही है बल्कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का भी खुला उल्लंघन है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने इस गंभीर लापरवाही पर प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब पेश नहीं करने पर आगामी माह का वेतन रोका जाएगा और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह मामला सिर्फ एक स्कूल का नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

### बांगो के 8 गेट खुले, पाटो-पाट बह रही हसदेव

**जांजगीर-चांपा।** ऊपरी क्षेत्रों मे लगातार बारिश से लबालब हुए बांगो बांध के 8 गेट खोले गए है। डेम से लगातार 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। ऐसे में हसदेव नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जांजगीर चांपा जिले में हसदेव नदी पाटो पाट बह रही है। ऐसे में तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एहतियात के तौर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है और तटीय इलाकों में मुनादी कराने के साथ सुरक्षा को लेकर भी पूरी टीम मुस्तैद हो गई है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से ऊपरी क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। वहीं हसदेव बांगो बांध भी लबालब हो गया है। बांध मे क्षमता से अधिक पानी होने पर पिछले दिनों 4 गेट खोले गए थे। इसके बाद स्थिति को देखकर गुरूवार 4 सितंबर को बांगो के 8 गेट खोले गए है। जिसमें से 30 हजार क्यूसेक पानी हसदेव पानी में छोड़ा जा रहा है।

### विजयपुर की धंसी सड़क में फंसा भारी वाहन, 5 क्रेन के सहारे निकाला


विजयपुर की नवनिर्मित सड़क धंसी, बड़े-बड़े गड्ढों में राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

**रायगढ़।** विजयपुर की नवनिर्मित सड़क जिस स्थान पर धंसी है उसी स्थान पर शुक्रवार की शाम एक भारी वाहन फंस गया। जिससे उस मार्ग में यातायात बाधित होता रहा। शनिवार की दोपहर मौके पर 5 क्रेन बुलाया गया और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद फंसे वाहन को निकाला गया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही हरिभूमि में इस नई सड़क के जगह-जगह धंसने और जर्जर होने को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था। इसके बाद भी शहर सरकार व निगम प्रशासन ने इस ओर अब तक ध्यान नहीं दिया है।





### आवारा पशुओं से लेकर असामाजिक तत्व कभी भी अस्पताल परिसर में कर रहे हैं प्रवेश

# एमसीएच में अब तक नहीं बनी बाउंड्रीवॉल, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज के आगे स्थित मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच) की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह अस्पताल कई वर्षों से संचालित तो हो रहा है, लेकिन आज तक इसके चारों ओर बाउंड्रीवॉल नहीं बनाई गई है। इसकी वजह से अस्पताल परिसर में अव्यवस्था और असुरक्षा का आलम बना रहता है। बिना बाउंड्रीवॉल के कारण असामाजिक तत्व ही नहीं बल्कि आवारा पशु भी परिसर में घुस जाते हैं। इससे न केवल अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। ज्ञात हो कि यह अस्पताल एक पहाड़ी क्षेत्र के बिलकुल सामने स्थित है, जिससे दुर्घटनाओं और बाहरी हस्तक्षेप की आशंका और भी बढ़ जाती है। इस संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल परिसर का सुरक्षित होना बेहद आवश्यक है।



#### शुरू नहीं हुआ निर्माण

कुछ समय पहले अस्पताल की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई थी। डीएम असोसिएट नामक फर्म को इसका ठेका मिला है। आश्चर्य की बात यह है कि अब तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं करने से निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हो सका है।

एमसीएच की बाउंड्रीवाल के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस कार्य के लिए डीएम एसोसिएट कंपनी को ठेका दिया गया है, लेकिन कार्यदिश प्राप्त नहीं होने पर निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

**अमित शर्मा,** इंजीनियर सीजीएमएससी

### रोजाना नई-नई गतिविधियां कर शासन को जगाने का कर रहे प्रयास


# एनएचएम कर्मचारियों ने खून से लिखा पत्र सरकार को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 20वें दिन अपने खून से लिखे पत्र मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वित्त मंत्री को पत्र भेजा है। इस पत्र के जरिए उन्होंने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को एक बार फिर दोहराया और सरकार से सीधा सवाल किया कि क्या अब भी उनकी मांगें सिर्फ कागज़ों में रहेंगी। इस तरह रोजाना उनके द्वारा नई-नई गतिविधयां कर सरकार को नींद से जगाने का काम किया जा रहा है।

शनिवार को एनएचएम कर्मचारियों ने खून से पत्र लिखकर सरकार के प्रति अपना आक्रोश और संघर्ष की गंभीरता को जाहिर किया। उनका कहना है ये सिर्फ स्याही नहीं, हमारा खून है, हमारी 20 साल की अनसुनी लड़ाई का प्रतीक है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों को दरकिनार कर रही है। कर्मचारियों ने वित्त मंत्री को याद दिलाया कि उन्होंने मंच से 100 दिन में नियमितीकरण का वादा किया था। आज दो साल बाद भी वह वादा अधूरा है। कर्मचारियों ने सवाल किया कि क्या उनका हक़ सिर्फ चुनावी वादा बनकर रह गया है।





#### हस्तक्षेप करें, नहीं तो तंत्र हो जाएगा ठप

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कर्मचारियों ने तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में राज्य तरक्की की बात करता है, लेकिन जब स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ ही कमजोर हो, तो यह विकास कैसे टिकेगा। अब तक 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा दे चुके हैं।

#### स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल का असर जिले में असर साफ नजर आ रहा है। टीकाकरण अभियान, पोषण सेवाएं और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर बताई जा रही है। एनएचएम कर्मचारी स्पष्ट कर चुके हैं कि जब तक सभी 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, हड़ताल जारी रहेगी। राज्य सरकार की चुप्पी अब सवालों के घेरे में है।

### 98 हजार की उठाईगिरी मामले में दो गिरफ्तार

**अकलतरा।** बाइक की डिक्की में रखे 98 हजार रुपए उठाईगिरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम फरहदा का है। बुधवार 3 सितंबर को करीबन 12.30 बजे प्रार्थी डोल नारायण पटेल निवासी फरहदा थाना अकलतरा द्वारा जिला सहकारी बैंक अकलतरा से 1 लाख रुपए निकवाने के बाद थैले में नगदी रकम पैसा को अपने मोटर सायकल के डिक्की में रखकर घर जा रहा था। रस्ते में अकलतरा कपड़ा दुकान में उसके द्वारा 2 हजार की कपड़ा खरीदी की। वहां से करीबन 3 बजे दोपहर अकलतरा अग्रवाल किराना स्टोर पहुंचा जैसे ही सामान खरीद रहा था तो उसे याद आया कि मोटर सायकल के डिक्कीन में 98 हजार रुपए था।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 व 10 अक्टूबर को किया जाना है। जिसके लिए नियोक्ता पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल की साइट ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट ईन में की जा रही है। मेले के लिए उपलब्ध रिक्तियों 6,650 से अधिक है जो पोर्टल के मेन्यू के अंतर्गत लिंक पर देखी जा सकती है। उन्होंने इस संबंध में बताया है कि जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मेला के लिए आवेदन किया है, जिला लॉगइन के डैशबोर्ड पर उनकी सूची पूर्ण तथा अपूर्ण प्रोफाइल दो वर्ग में देखी जा सकती है। जिन अभ्यर्थियों का नाम सूची क्रमांक 2 में है वे अपनी जानकारी पूर्ण कर लेवें। जिनका नाम सूची क्रमांक 1 मे है वे रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाइल जल्द पूर्ण कर लें।

### आरटीओ ई-चालान के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

**बलरामपुर।** साइबर ठग अब ट्रैफिक नियम तोड़ने के नाम पर आरटीओ का ई चालान भेजकर लोगों से ठगी को अंजाम दे रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनसे ठगी करने के साथ ही व्यक्तिगत जानकारी और जमा खातों से पैसे चुरा ले रहे है। ऐसे में परिवहन विभाग ने लोगों को झांसे में नहीं आने व जागरूक रहने की सलाह दी है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में डराने वाले संदेश के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते हैं। परिवहन विभाग ने लोगों से आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक जैसे (डॉट एपीके फाइल) पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ई चालान डॉट परिवहन डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है तो पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। परिवहन विभाग ने बताया है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें, और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए। इस दौरान मरमा के बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग की है।

### बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में खपाने के लिए बोरी में भरकर अंग्रेजी व बियर लेकर जा रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व उड़न दस्ता की टीम बलरामपुर जिले के थाना त्रिकुंडा ग्राम चेरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान चेरा मेन रोड पर एक बाइक सवार काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। जिसे देख उड़नदस्ता की टीम न पीछा कर रोका और पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम राज कुमार पटवा और ग्राम सुलसुली निवासी बताया। टीम ने युवक के बाइक में बंधे बोरी की तलाशी ली तो बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि एक पेटी अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश के परसापाली तथा एक पेटी बियर खरीद कर ला रहा था। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने बाइक सहित अंग्रेजी शराब व बीयर को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने युवक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए।



### हरिभूमि की रंगोली, मेहंदी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

# हरिभूमि से मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का प्लेटफार्म

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शनिवार को हरिभूमि द्वारा व्यापार व उद्योग मेले में आयोजित रंगोली, मेहंदी एवं विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि हरिभूमि के विविध आयोजनों से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का प्लेटफार्म मिल जाता है।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हरिभूमि द्वारा साल भर कराई जाने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के किसी भी आयोजन में प्रतिभागियों का दोगुना उत्साह देखने को मिलता है। वे बड़ी शालीनता व अनुशासन में आकर अपना पुरस्कार प्राप्त करते हैं। यह हरिभूमि परिवार के लिए बहुत सुखद क्षण होता है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि आगे भी सभी प्रतिभागी इसी तरह हरिभूमि के आयोजनों में भाग लेकर उत्साहवर्धन करते रहेंगे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, भुवन देवांगन, डेजी नाथ, अंजना शर्मा, रेखा साहू, नाजिया खान, शेख असलम सहित हरिभूमि परिवार के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रतिभागी अपनी प्रतिभा लाना चाहते हैं सामने

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि हरिभूमि वर्षों से तरह तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।



इसमें भाग लेने वाली प्रतिभागी महिलाएं काफी उत्साहित व प्रोत्साहित हो रही हैं। इस बात का अंदाजा हर साल महिलाओं, युवतियों की बढ़ रही संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिलता है।

### हर आयु वर्ग को मिल रहा भाग लेने का अवसर

विशिष्ट अतिथि बीएनआई ग्रुप के किरण पाल सिंह चावला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता से हर आयु वर्ग को भाग



लेने का अवसर मिल रहा है। अलग-अलग वर्षों में प्रत्येक प्रतिभागी विजेता भी बन रहे हैं। वहीं हरिभूमि के इन आयोजनों से भारतीय संस्कृति जीवंत बन रही है। इसके लिए हरिभूमि परिवार के लोग साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के आयोजनों को लेकर शहर के पैरेंट्स भी जागरूक हैं। वे अपने बच्चों को इन स्पर्धाओं में भाग लेने निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। पैरेंट्स की इसी जागरूकता का परिणाम है कि प्रतिभागियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।

### महिलाएं, बच्चे हो रहे प्रोत्साहित

विशिष्ट अतिथि एरिना मल्टीमीडिया के संचालक संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे विविध तरह का आयोजन कर हरिभूमि पाठकों को जोड़ने का काम कर रहा है।



साल में होने वाली रंगोली, मेहंदी, स्वस्थ शिशु व सामान्य ज्ञान स्पर्धा से महिलाएं, बच्चे प्रोत्साहित हो रहे हैं। इन स्पर्धाओं में भाग लेने वे निरंतर आगे आ रहे हैं। यह हरिभूमि की इन आयोजनों की सफलता को दर्शाता है।



### सोने की अंगूठी पाकर खिला चेहरा

महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही आसमां सिटी निवासी भारती दुबे का चेहरा सोने की अंगूठी पाकर खिल उठा। उन्होंने कहा कि वे हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। उन्हें हरिभूमि लाइव, सहेली पत्रिका पढ़ना पसंद है।

#### नारी शक्ति पर उकेरी रंगोली

रंगोली 26 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान व मेहंदी में द्वितीय स्थान पर रहीं अज्ञेय नगर निवासी नंदिनी जांगड़े ने नारी शक्ति पर रंगोली एवं ब्राइडल मेहंदी बनाई थी। नंदिनी ने कहा कि उनकी कला को हरिभूमि की ओर से मिल रहे रिस्पांस से उत्साह दोगुना हुआ है।

#### गणपति बप्पा ने बरसाई कृपा

रंगोली 26 से अधिक आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता जोरा पारा सरकण्डा की ज्योति शर्मा ने रंगोली में गणपति बप्पा की आकृति बनाई। उनका मानना है कि गणपति बप्पा ने ही उन्हें यह पुरस्कार दिलाया है। ज्योति इसके पहले प्रथम पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं।

#### हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा

रंगोली 5 से 15 वर्ष में तृतीय स्थान पर रहीं चिंगराज पारा की साक्षी देवांगन का हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा है। उन्होंने रंगोली में माखन खाते कान्हा का चित्र बनाया था, जिसे काफी पसंद किया गया था।

#### गौ सेवा की थीम पर बनाई मेहंदी

मेहंदी 26 वर्ष आयु वर्ग से अधिक में प्रथम पुरस्कार विजेता चिंहराज पारा की दामिनी कश्यप को हरिभूमि के इन आयोजनों में निरंतर इनाम मिल रहा है। वे विगत तीन साल से पहला इनाम प्राप्त कर रही हैं। इस बार उन्होंने मेहंदी में गौ सेवा की थीम पर द्वारिकाधीश की आकृति बनाई।

#### पहले अवसर में मिला इनाम

मेहंदी में विशेष पुरस्कार विजेता भूमिका यादव तालापारा को पहले अवसर में ही पुरस्कार मिल गया। इससे वह काफी खुश दिखीं। इन्होंने मेहंदी में अरेबिक मेहंदी डिजाइन किया था। वे कहती है कि हरिभूमि के आयोजन से उसे काफी प्रेरणा मिली है।

#### महिलाओं के लिए है उपयोगी

सामान्य ज्ञान स्पर्धा में विशेष पुरस्कार विजेता वर्षा मोहंती हेमूनगर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया और कहा कि हरिभूमि की सहेली पत्रिका उन्हें अच्छी लगती है। इसमें हर पर्व, त्योहार का अलग-अलग जिक्र रहता है।

#### मिल चुके हैं कई इनाम

रंगोली 16 से 25 वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त ज्योति महिलांगे सालों से हरिभूमि के आयोजनों में भाग ले रही हैं। वे बताती हैं कि हर साल उन्हें कुछ न कुछ पुरस्कार अवश्य मिलता है। इसके पहले उन्हें पहला पुरस्कार भी मिला था। इससे वे स्वयं प्रोत्साहित तो होती ही हैं।

#### मिल रही निपुणता

मेहंदी 16 से 25 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त विजेता सिरगिट्टी की शिखा यादव बचपन से मेहंदी लगा रही हैं। हरिभूमि के आयोजन में उन्होंने दुल्हन मेहंदी लगाई थी, जिसे निर्णायकों ने पसंद किया और उन्हें स्थान मिल गया। निरंतर भाग लेने से भी कला में निपुणता आती है।

#### दर्शाई देवी के प्रति आस्था

रंगोली में विशेष पुरस्कार विजेता बंधवापारा निवासी कुमुद सोनी ने बताया कि उन्होंने। रंगोली में मां काली का रूप बना कर देवी के प्रति अपनी आस्था को दर्शाया था और आज वे विजेता के रूप में ईनाम ले रही हैं। यह उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है।
















**ये रहे विजेता :** हरिभूमि द्वारा महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भारती दुबे आसमा सिटी सोने की अंगूठी, द्वितीय गुलापा बाई नेहरूनगर बालको मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय आशा दुबे 27 खोली बिलासपुर डिनर सेट, चतुर्थ नीतू रानी डिपूपारा तारबाहर इलेक्ट्रॉनिक आयरन, विशेष पुरस्कार मनोरमा कौशिक यदुनंदन नगर तिफरा, वर्षा मोहंती हेमूनगर, नीतू कुमारी चरचा कालरी कोरिया, योगिता जबड़ापारा, प्रियंका पाण्डेय बंगालीपारा, रंगोली प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार मीनाक्षी साहू चिंगराजपारा, द्वितीय रीतिका साहू चिंगराजपारा, तृतीय साक्षी देवांगन चिंगराजपारा, विशेष पुरस्कार कुमुद सोनी बंधवापारा, चंचल सोनी अशोक विहार, वैष्णवी गुप्ता बंधवापारा, मंजरी सिंग ठाकुर राजकिशोर नगर, वसुंधरा सिंग अशोक नगर, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार लक्षिता यादव कोनी, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार नंदिनी जांगड़े, द्वितीय ज्योति शर्मा जोरापारा सरकंडा, तृतीय पुरस्कार अल्का देवांगन, मेहंदी प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार सरगम कश्यप सरकंडा, द्वितीय नुपुर विश्वकर्मा चिंगराजपारा, तृतीय प्रिंसी ठाकुर बहतराई, विशेष पुरस्कार अंजुम प्रवीण मगरपारा, प्रियांशी सोनी अशोकनगर, शारदा परिहार सरकंडा, अनुप्रिया कुमारी मंगला, सौम्या साहू मंगला, सोनम कुशवाहा अमेरी, प्रतिभा साहू चिंगराजपारा, आरूषि गढ़ेवाल राजीव गांधी चौक, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय शिखा यादव सिरगिट्टी, विशेष पुरस्कार श्रद्धा बिंझवार भरनी, श्रुति चौहान कतियापारा, पूर्णिमा राजपूत उसलापुर, प्रियांशी साहू चिंगराजपारा, प्रियांशी नामदेव लिंगियाडीह, आयुषि देवांगन राजकिशोर नगर, भूमिका यादव तालापारा, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार दामिनी कश्यप चिंगराजपारा, द्वितीय नंदिनी जांगड़े अज्ञेयनगर, तृतीय पुरस्कार ज्योति यादव तालापारा को प्राप्त हुआ।

















खबर संक्षेप

### केस दर्ज करने का भय दिखाकर पैसे लेने का आरोप

**छाल।** परित्रणाय साधूनाम को आत्मसात कर अपनी ड्यूटी निभाने वाली पुलिस पर एक बार फिर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यदाकदा ही सही लेकिन ऐसे मामलों के सामने आने पर पुलिस की छवि धूमिल होती है। ऐसा ही एक मामला छाल पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां एक महिला ने छाल थाना प्रभारी व स्टाफ पर कथित झूठा केस दर्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है।
महिला ने इस बात की शिकायत मंत्रालय विधायक एवं पुलिस अधीक्षक से की है। शिकायत में पुलिस द्वारा केस न बनाने के नाम पर 20 हजार रुपए लेने की बात कही गई है। बताए अनुसार गांव में पुलिस की टीम भोर में उनके घर पहुँची। जहाँ घर में उनके भतीजे को खाट से उठा कर शराब बनाने के आरोप में थाना लाया गया। इस मामले में बताया गया है कि युवक बीकाम सेकेंड एयर की पढ़ाई करता है और आदिवासी परिवार से है। पीड़ित ने बताया कि पुलिस की दबिश के समय वह सुबह सो कर नही उठा था और उसे पुलिस वाले जबरन गाड़ी में बिठा कर उसे थाना ले गए। उक्त मामले को लेकर पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि घर पर शराब नही मिला तो खाली डिब्बा के साथ सोते हुए को उठा कर ले गए। जिसके बाद हम लोग तुरन्त थाना पहुचे जहां थाना प्रभारी के थाना नही पहुचने से उनके पहुचने का इंतजार करते रहे।

### बांस और सवई घांस से बनेंगे आकर्षक उत्पाद

**जशपुरनगर।** वनमण्डल अन्तर्गत कांसाबेल परिक्षेत्र की संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में 4 सितंबर से महिलाओं को स्थानीय रूप से उपलब्ध बांस और सवई घांस से आकर्षक आभूषण, सजावटी वस्तुएं और अन्य कलात्मक उत्पाद बनाने की बारीकियाँ सिखाई जा रही हैं। इस पहल से महिलाएं आत्मनिर्भरता को प्राप्त करेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। असम की प्रसिद्ध बांस कला विशेषज्ञ श्रीमती नीरा शर्मा, जिन्हें बैम्बू लेडी ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, विशेष प्रशिक्षण शिविर का संचालन कर रही हैं। आगामी 15 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में स्थानीय रूप से उपलब्ध बांस और सवई घांस को ही आधारभूत सामग्री के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। पहले जिन संसाधनों का उपयोग सीमित रूप से होता था, अब वही साधन महिलाओं के लिए आय के नए अवसर लेकर आया है। इससे बनने वाले आकर्षक आभूषण, सजावटी वस्तुएं और अन्य कलात्मक उत्पाद उपयोगी होने के साथ ही घर एवं अन्य प्रतिष्ठानों की शोभा भी बढ़ाएगी। समिति की लगभग 30 महिला सदस्य इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

### निरीक्षण में अनुपस्थित रहे चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी

**अम्बिकापुर।** सख्त निर्देश के बाद भी पीएचसी, सीएचसी की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रह रहे है। इतना ही नहीं अस्पताल में मरीजों को जो दवाएं प्रदान की जा रही है उनपर मैन्युफैक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं है। इस बात की पुष्टि खुद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निरीक्षण में हुई है। जेडी ने धरमपुर और पम्पापुर के अनुपस्थित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दें कि 4 सितम्बर को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले पीएचसी पम्पापुर और धरमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। पीएचसी पम्पापुर में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अधिकारी कर्मचारी बिना कोई आवेदन दिए ही अवकाश पर जाते है जो एक बड़ी लापरवाही है। अस्पताल में आपत्कालीन ड्यूटी रोस्टर भी चस्पा नहीं था। एनएच किनारे पीएचसी को इंगित करने वाला बोर्ड नहीं था। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, एएमओ प्रज्ज्वल सिंह 1 दिन, एएमओ श्रीमती प्रीति जायसवाल 3 दिन, श्रीमती श्रीति ओझा लैब टेक्निशियन 2 दिवस, श्रीमती सत्यभामा शर्मा एक दिवस अनुपस्थित तथा एएनएम प्रमिला सिंह 3 दिन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए।

## तमनार में शिक्षक दिवस पर 500 शिक्षक पेंशनर कर्मचारी हुए सम्मानित

# गुरुजनों, पेंशनर, कर्मचारियों का सम्मान करना हमारा सौभाग्य : राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



केलो कोयलांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार के भाजपा मंडल तमनार व रोडोपाली द्वारा छग राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष पर वर्षानुगत इस वर्ष 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर 500 शिक्षक पेंशनर कर्मचारियों सहित सेवारत शिक्षकों का तिलक रोली माल्यार्पण कर श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह से सम्मानित पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया के मुख्य आतिथ्य में सैकड़ो शिक्षक कर्मचारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भव्य व ऐतिहासिक सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम मंगलम भवन तमनार में शिक्षक कर्मचारी, अतिथियों का आतिशबाजी, फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। भारत माता, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षको, कर्मचारियों, सेवारत शिक्षको को तिलक रोली माल्यार्पण कर श्रीफल शॉल स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंत में दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि समर्पित करते 1मिनट का मौन धारणा किया गया। सभी आगंतुकों को स्वरूचि भोज खिलाया गया। स्वागत उद्बोधन नीलाम्बर पटनायक ने सभी गुरुजनों अर्तिथियो का अभिवादन करते शिक्षक दिवस कर्मचारी सम्मान समारोह की परंपरा को बताया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों गणमान्य नागरिकों का चरन वन्दन करते शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते कहा कि सैकड़ो गुरुजनों कर्मचारियों का सम्मान करना हमारा परम् सौभाग्य है। गुरु-शिष्य परंपरा भारत की प्राचीन संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जीवन के बारे में बताए। भारतीय जनता पार्टी परिवार को वर्ष 2007 से लगातार 18 वर्ष से तमनार में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों कर्मचारियों का सम्मान करने का सौभग्य प्राप्त हो रहा है। गुरुजनों वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन आशीर्वाद से क्षेत्र व देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। भाजपा जिला महामंत्री जतिन साव ने कहाकि गुरु वरिष्ठजनो के आशीर्वाद से हम आगे बढ़ते है। युवाओ के मेहनत लगन व वरिष्ठजनो के मार्गदर्शन से समाज आगे बढ़ रहा है। भाजपा कार्यकर्ता हर गांव में वरिष्ठजनो से प्रेरणा लेकर गांव की विकास में सहयोगी बने। जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी, जनपद अध्यक्ष जगेश सिदार, गौटिया अश्वनी पटनायक, धर्मेंद्र वैस ने सम्बोधित किया। बता दें कि जनपद तमनार की परंपरा रही है कि छत्तीसगढ़ विभाजन पूर्व सन- 1980 मध्य प्रदेश जमाने से केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य विकासखंड तमनार में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर कर्मचारी स्नेह सम्मान समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष होता आ रहा है। वहीं भाजपा परिवार व पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया द्वारा भी वर्ष 2007 से लगातार 18 वर्ष से तहसील के समस्त शिक्षक व पेंशनर कर्मचारियो को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्यानंद राठिया पूर्व मंत्री, छग शासन अध्यक्षता धर्मेन्द्र बैस प्रांतीय महामंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष छग सुनीति राठिया पूर्व संसदीय सचिव, छग शासन बद्री प्रसाद मिश्रा, उप प्रांताध्यक्ष, छग पेंशनर कल्याण संघ नीलाम्बर पटनायक अध्यक्ष, छग तृवशाकस तमनार जीवन प्रसाद पटनायक अध्यक्ष, शाखा तमनार पेंश क संघ तमनार, रमेश चन्द्र बेहरा डीडीसी एवं सभापति, वंशीधर चौधरी डीडीसी, जागेश सिदार अध्यक्ष जपं तमनार, गायत्री शत्रुधन बेहरा उपा जपं तममनार जतिन्द्र कुमार साव महामंत्री, जिला भाजपा रायगढ़, विनायक पटनायक उपा जिला भाजपा, सतीश चन्द्र बेहरा पूर्व महामंत्री, जिला भाजपा, अरूण कुमार राय पूर्व उपाध्यक्ष जिला भाजपा, स्वरूप पटनायक मंडलाध्यक्ष तमनार, सरोज बेहरा मण्डल अध्यक्ष, रोड़ोपाली, अश्विनी कुमार पटनायक वरिष्ठ समाजसेवी, तमनार, नित्यानन्द बेहरा, गिरिजाशंकर पटेल पूर्व मंण्डल अध्यक्ष, कैलाश चन्द्र पटनायक पूर्व मं. अध्यक्ष, तमनार, श्याम कुमार राठिया अध्यक्ष, सरपंच संघ तमनार, सुनील ठाकुर घरघोड़ा, राजेश बेहरा, महामंत्री डिलेश्वर साव, राजेश गुप्ता, झुमुकलाल, महेंद्र पटेल अन्य बीडीसी सरपंच जनप्रतिनिधियों, शिक्षक पेंशनर कर्मचारियों भाजपा जिला एवं मण्डल पदाधिकारी गण शिष्ट वरिष्ठ कार्यकर्ता गण मातृशक्ति, युवाशक्ति तथा विशिष्ठ गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही।

## समय लाल राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से हुए सम्मानित



**सरिया।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर राजभवन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका से राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। यह उनके एवं उनके परिवार के लिए तथा उनके विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का क्षण रहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी एवं विभाग के सभी सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में सम्मान स्वरूप साल मोमेंटो 21,000 की पुरस्कृत राशि राज्य शिक्षक पुस्तक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

काठे जी का कहना है बच्चे भावी देश के निर्माता होते हैं वे एक कच्ची मिट्टी के पुतलों की तरह होते हैं जिस प्रकार से कुम्हार गीली मिट्टी को विभिन्न आकृतियों में ढाल कर बहुत ही उपयोगी बना देता है। उसी प्रकार से शिक्षक भी एक बच्चे को ज्ञानवान, संस्कारवान, बहुमुखी प्रतिभा के धनी बनाने का सदैव प्रयत्न करता रहता है। प्रत्येक बच्चे को एक आदर्श नागरिक बनाकर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान करने के योग्य बनाना है। कबाड़ से जुगाड़, चार्ट पेपर, मॉडल, डिजिटल लर्निंग मटेरियल इत्यादि द्वारा विषय वस्तु को सरल व रोचक बनाकर बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जाता रहा है। देशभक्ति की भावना भरी जाती है और भारत माता की सुरक्षा में, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ एवं मेक इन इंडिया के निर्माण में सभी अपना योगदान करने के लिए तत्पर रहते हैं। समय लाल काठे के मार्गदर्शन एवं योगदान से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया से अब तक 25 बच्चे स्काउट के क्षेत्र में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं और आगे भी निरंतर प्राप्त करते रहेंगे।
राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर विद्यालय के प्राचार्य ई तिर्की एवं समस्त स्टाफ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने बधाई प्रेषित किया है। उनके परम मित्र यदुमणि चौहान, स्काउट गाइड लीडर पवन कुमार नायक, लिंगराज पटेल, सचिव राजाराम साहू सुंदरलाल सिदार, रक्षपाल साहा, हीरालाल पटेल, मानस पटेल, पत्रकार राजेंद्र निषाद इत्यादि सभी ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां प्रेषित किया है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया, कक्षा छठी के छात्र प्रज्जवल द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया, छात्रों द्वारा शिक्षकों को समर्पित समूह नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया, शिक्षको के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं खेलों का आयोजन छात्रों द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक का स्थान प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सर्वोपरि होना चाहिए, क्योंकि हम चाहे कितना भी प्रयास करें अपने शिक्षक का ऋण कभी नहीं चुका सकते।

## घरघोड़ा में विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**घरघोड़ा।** शिक्षा विभाग घरघोड़ा द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों सहित कार्य स्थल विद्यालय पर बेहतरीन रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह में नगर सहित ग्रामीण अंचलों मे निवास करने वाले सेवा निवृत शिक्षकों गणमान्य नागरिकों के साथ शिक्षकों, संकुल समन्वयकों उमाशा एवं हाई स्कूल के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य मुरली राठिया प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मजयगढ़ अनिल पैंकरा की उपस्थिति में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आई एएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रधान पाठक, प्राचार्य से कार्य क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने की अपेक्षा जाहिर कर शिक्षक दिवस की शुभकामनायें एवं सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए शिक्षण सत्र के दौरान उपलब्धिजनक कार्य करने विषय पर अपना सम्बोधन दिया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने पुरातन संस्कृति से वर्तमान समय तक गुरु की महत्ता को स्वीकार करते हुए उन्हें वंदनीय बताया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में शिक्षक दिवस के प्रणेता डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करते हुए पुष्प अर्पित की गयी। विकास खन्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने शासन की स्कूली शिक्षा पर आधारित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को बधाई देते हुए सेवा निवृत शिक्षकों से अपने अनुभवों के साथ मार्गदर्शन प्रदान करने की बात कही ताकि घरघोड़ा बिकासखंड में शिक्षा का वातावरण बने। स्त्रोत समन्वयक मनोज प्रधान ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों का कार्यक्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सेवा निवृत शिक्षकों सहित विकासखंड के समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सेवा निवृत शिक्षकों को रोली फूलमाला श्री फल शाल से एवं प्रत्येक उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### ओपी ने दी प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई



**रायगढ़।** अपने स्व. शिक्षक पिता का पुण्य स्मरण करते हुए वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनायें देते हुए कहा आज के इस विशेष दिन में स्व. पिताजी दीनानाथ चौधरी का पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ। आठ वर्ष की अल्पायु में ही मेरे शिक्षक पिता का स्वर्गवास हो गया था। उनके आदर्शों के साथ उनकी दी गई शिक्षा आज भी मेरे जीवन का मार्गदर्शन कर रही है। उनकी दी हुई इन्हीं प्रेरणाओं की वजह से मेरा पढ़ाई लिखाई से आत्मीय नाता बन गया और समाज के लिए नया कुछ करने की भावना निरंतर जागृत होती रही। जीवन में सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा देने वाले सभी गुरुजनों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## शिक्षक दिवस पर जिला स्तरीय शिक्षकों का सम्मान



**कोसीर।** 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षकों का सम्मान समारोह पान पानी पालगी की नगरी सारंगढ़ में सम्पन्न हुआ। सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौज, पूर्व विधायक श्रीमती केराबाई मनहर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल, अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़ डॉ वर्षा बंसल, महामंत्री भाजपा प्रकाश अग्रवाल, महामंत्री भाजपा सतीश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जेआर डहरिया, डीएमसी सारंगढ़ बिलाईगढ़ नरेश कुमार चौहान, सभी सम्मानीय सेवानिवृत्त शिक्षकगण, श्रीमती विभावरी सिंह ठाकुर प्राचार्य, श्रीमती विशेश्वरी गुप्ता प्राचार्य आदि अतिथियों के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सर्व प्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। कन्या स्कूल सारंगढ़ के छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा सेजेस सारंगढ़ के छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। जिला के तीनों विकासखंड से सेवानिवृत्त हुए 21 शिक्षकों कन्हैया नायक, नरेंद्र नायक, जगदीश खूंटे, दिगंबर साहू, मनीराम रात्रे, बृजमोहन पटेल, खोलबहरा सिदार, धनी राम भारद्वाज, शंकर लाल साहू, जान्ती कुर्रे, अमृत निराला आदि को साल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकासखंड सारंगढ़ से मनोज कुमार जांगड़े, गायत्री सिंह साहू, सत्येन्द्र बसंत, लुदिया चौहान, एस आर अजय बरमकेला से हेमचंद गठतिया, अनुराज वर्मा यदुमनी चौहान पार्वती पटेल, श्रीमती प्रशंसा सिंह व बिलाईगढ़ से सुनीता भारती, कमलेश कुमार खटकर, उषा चौहान, रामदुलार निराला, महेंद्र सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक प्रमोद कुमार पंडा, विशेश्वर नायक, शंकर लाल साहू आदि ने शिक्षकीय जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा हमें ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहना चाहिए।

## विधायक ने शिक्षकों का किया सम्मान



**चंदरपुर।** शिक्षक दिवस के इस अवसर पर विधायक रामकुमार यादव द्वारा प्रगति हायर सेकेंडरी स्कूल, अमलडीहा को शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हेमराज मेहर एवं कृष्ण कुमार सारथी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह हमारे विद्यालय, विद्यार्थियों और पूरे स्टाफ के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

रखरखाव पर लाखों खर्च फिर भी हाल बेहाल

# करोड़ों की लागत से बना फिटनेस पार्क बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



स्मार्ट सिटी का दर्जा और नगर निगम की जिम्मेदारी के बावजूद राउरकेला के लोगों को आज तक एक व्यवस्थित पार्क नसीब नहीं हो सका। करोड़ों रुपए की लागत से नगर निगम कार्यालय के सामने बने उदितनगर फिटनेस पार्क की हालत अब इतनी खराब हो चुकी है कि यह भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण बन गया है।

जब यह पार्क नया-नया बना था, तब यहां रोज भीड़ उमड़ती थी, लोग मॉर्निंग वॉक करते थे, बच्चे झूले झूलते थे और परिवार स्वच्छ हवा का आनंद लेते थे। लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पार्क के अंदर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो चुकी है, घास सूख गए हैं, झूले और व्यायाम के लिए लगाए गए ढांचे टूटकर बिखर चुके हैं। कई झूलों की सीढ़ियां तक गायब हैं, कुछ उपकरण दुर्घटना का कारण बनने की स्थिति में हैं। शहर के प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि यह पार्क शहर के बीचोबीच स्वास्थ्य और फिटनेस प्रेमियों के लिए बेहद उपयोगी हो सकता था, लेकिन रखरखाव पर हर महीने लाखों रुपए खर्च दिखाने के बावजूद स्थिति बद से बदतर है।

सवाल यह है कि आखिर इन रखरखाव के नाम पर खर्च होने वाले लाखों रुपए कहां जा रहे हैं। नगरवासियों की मांग है कि इस पूरे मामले की जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि करोड़ों की लागत से बने इस पार्क को बचाया जा सके और राउरकेला के लोग दोबारा इसका लाभ उठा सकें।

## एयरपोर्ट के नजदीक हाईराइज बिल्डिंग, बढ़ रही लोगों की चिंता



**राउरकेला।** राउरकेला एयरपोर्ट के बिल्कुल नजदीक बन रही हाईराइज बिल्डिंग अब बड़े विवाद का कारण बनती जा रही है। एयरपोर्ट का विकास जिस राह पर आगे बढ़ रहा था उसी राह में अब यह ऊँची इमारत सुरक्षा के लिहाज से गंभीर सवाल खड़े कर रही है। नियमानुसार हवाई अड्डों के 20 किलोमीटर दायरे में किसी भी ऊँचे निर्माण के लिए हाइट क्लीयरेंस अनिवार्य है, नोएडा के जेवर एयरपोर्ट में ऐसे मामलों पर बुलडोजर तक चलाने की चेतावनी दी जा चुकी है, कोलकाता में आठ मंजिल से ऊँची इमारतों पर रोक है, अहमदाबाद हादसे के बाद निगरानी और सख्त कर दी गई है, लखनऊ में भी बिना अनुमति के निर्माण पर कार्रवाई के आदेश हैं, लेकिन राउरकेला में नियमों के बावजूद प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह बिल्डिंग बिना अनुमति के खड़ी हो रही है तो भविष्य में इसे लेकर न सिर्फ एयरपोर्ट संचालन प्रभावित होगा बल्कि उन निवेशकों की जमा-पूंजी भी डूब सकती है जिन्होंने जीवन भर की कमाई यहां लगा दी है।

# किसान, महिलाओं और युवाओं की प्रगति ही राज्य का भविष्य: मुख्यमंत्री साय

## रजत जयंती वर्ष में 4000 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे ओवरब्रिज सहित 66.84 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने 20 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। इनमें खरसिया के कबीर चौक से डभरा रोड तक बाईपास सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़, स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स और स्विमिंग पूल सहित अन्य सुविधाओं की मरम्मत के लिए 2 करोड़ तथा खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपए की घोषणा शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने खरसिया में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा अटल परिसर का लोकार्पण भी किया। साथ ही उन्होंने रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए तकनीकी सर्वे कराए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ से उनका 20 वर्षों का पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों में मिली जीत अटल विश्वास पत्र के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए सात से आठ हजार करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अटल विश्वास पत्र में की गई एक-एक घोषणा को पूरा किया जा रहा है। मोदी जी की अधिकांश गारंटियाँ पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से खरीदी मूल्य 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दिया गया है। 5.62 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रति वर्ष 10-10 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर भी अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग और शासकीय सेवाएँ गांव गांव तक पहुँच रही हैं। 1460 पंचायतों में यह सुविधा प्रारंभ हो चुकी है, जहाँ न केवल पैसों का लेन-देन संभव है, बल्कि आय, भूमि, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाएँ भी अब गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि रजत जयंती वर्ष के दौरान 4000 पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जाएंगे।



### रेडी टू ईट का जिम्मा फिर से महिला समूहों को सौंपा गया

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पिछले 20 महीनों में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपये दो वर्षों के बोनस के रूप में दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है जो 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 18 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की पहली बैठक में मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि रेडी टू ईट का जिम्मा पुनः महिला स्व सहायता समूहों को सौंपा गया है और इसकी शुरुआत रायगढ़ जिले से हो चुकी है जिसे शीघ्र ही पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल परिसर का लोकार्पण राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाया, जो 500 वर्षों के बाद संभव हो सका। छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री ने आईटी और जीएसटी में सुधार कर देशवासियों की क्रयशक्ति को बढ़ाया है।

### ओवरब्रिज बनने से समस्या होगी दूर : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण खरसिया शहर के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। 64.94 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस रेलवे ओवरब्रिज का भूमिपूजन हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके निर्माण से क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने से लोगों को होने वाली आवाजाही की समस्या दूर होगी और समय की भी बचत होगी।

### भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हमारा उद्देश्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच चल रही है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हमारा उद्देश्य है, सुशासन हमारा संकल्प है। भ्रष्टाचार के सभी रास्ते एक एक कर बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की पहल उन्होंने सांसद रहते हुए की थी। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद आज इसका भूमिपूजन संभव हुआ है।

## गढ़उमरिया में नवगुरुकुल का शुभारंभ



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान पुसौर तहसील अंतर्गत ग्राम गढ़उमरिया में नवगुरुकुल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी छात्राओं को लैपटॉप वितरित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवगुरुकुल में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर लैब का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बालिकाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा और मूल्य आधारित संस्कार प्रदान करें ताकि उनका भविष्य सुनहरा बने। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम गणेशोत्सव, शिक्षक दिवस और चक्रधर समारोह की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है इसलिए समाज में उनका सर्वोच्च सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्मरण कराया कि पिछले वर्ष चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर रायगढ़ में प्रयास विद्यालय का उद्घाटन किया गया था और आज नवगुरुकुल की स्थापना इस कड़ी को आगे बढ़ाती है। उन्होंने इस अभिनव पहल के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी, नवगुरुकुल की सह संस्थापक सुश्री निधि और उनकी टीम की प्रशंसा की तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बालिकाओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संकल्प : समृद्ध आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह ने संगीत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ में कला और संस्कृति के प्रति अलग ही प्रेम है। इस प्रेम को स्थायी बनाए रखने की दिशा में यहाँ कला और संगीत महाविद्यालय खोलने की घोषणा विगत वर्ष की गई थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है और महाविद्यालय हेतु स्थान का चयन भी हो चुका है। कुछ माह के पश्चात यह महाविद्यालय अस्तित्व में आ जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने विगत 20 माह में अनेक योजनाएँ बनाई हैं और उन्हें जन-जन तक पहुँचाकर लोगों को लाभान्वित किया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटी दी थी, उसे हमारी सरकार ने अल्प समय में ही पूरा किया है और 2047 तक के लिए छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करते हुए हर माह उनके खाते में एक एक हजार रुपये की राशि डाली जा रही है। इससे राज्य की लगभग 70 लाख महिलाएँ लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति लागू कर राज्य में लाखों-करोड़ों रुपए का निवेश आकर्षित किया है और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेटे-बेटियों को रोजगार देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### कसैया प्राथमिक शाला में निकली उल्लास रैली

**घरघोड़ा।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास अध्ययन केंद्र प्राथमिक शाला कसैया घरघोड़ा में साक्षरता से संबंधित रैली का आयोजन किया गया। जनजागरुकता रैली और उल्लास कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक बैठक कर प्राथमिक शाला कसैया अध्ययन केंद्र में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गए। उक्त कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक एक के पार्षद बैतल राठिया सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधापाठक ने ग्रामीणों को उल्लास से संबंधित जानकारी देते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। साक्षरता दर बढ़ाने संबंधी विकास खन्ड में रैलियों का आयोजन कर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### सारंगढ प्रेस क्लब ने किया निंदा प्रस्ताव

**कटेली।** सारंगढ वन विभाग एसडीओ सामान्य अमिता गुप्ता के खिलाफ जिला प्रेस क्लब सारंगढ़ ने निंदा प्रस्ताव पारित किया है। पत्रकारों का आरोप है कि एसडीओ ने उनसे अभद्र व्यवहार करते हुए पुलिस बुलाने धमकी तक दी है। पूर्व में भी अमिता गुप्ता के द्वारा क्लब के स्थानीय पत्रकारों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया जा चुका है, जिसकी शिकायत प्रदेश स्तर के नेता और जिला कलेक्टर से किया गया था। जिस पर यही एसडीओ अमिता गुप्ता के द्वारा पत्रकारों के सामने अपनी गलती मानते हुए माफी मांगी गई थी। बताया जा रहा है कि कई बार पत्रकारों द्वारा विभागीय जानकारी लेने पर अधिकारी द्वारा न तो सही जवाब दिया गया और न ही सहयोग किया गया। प्रेस क्लब का कहना है कि यह आचरण लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति असम्मानजनक है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्लब ने मामले की शिकायत कलेक्टर और वन मंत्री से करने का निर्णय लिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उक्त अधिकारी के व्यवहार में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।



### शांताराम के निधन पर ओपी चौधरी ने जताया शोक

**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम के देवलोक गमन के समाचार को अत्यंत दुःखद बताते हुए विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा उनका संपूर्ण जीवन समाज तथा राष्ट्र की सेवाए संगठन के कार्य तथा अनुशासन के आदर्शों को जीने में समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्य, विचार और व्यवहार से असंख्य स्वयंसेवकों को राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया। उनके पदचिन्ह सदैव प्रेरित करते रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



## सुभद्रा योजना पर सवाल उठने के बाद अब लाभार्थियों होगी दोबारा जांच

**राउरकेला।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक सहयोग देने के लिए ओडिशा सरकार की महत्वाकांक्षी सुभद्रा योजना अब विवादों में घिर गई है। योजना शुरू हुए एक साल बीत चुका है, लेकिन अब भी बड़ी संख्या में पात्र महिलाएँ लाभ से वंचित हैं, वहीं कई लाभार्थियों को पहली किस्त मिलने के बाद बिना किसी ठोस कारण योजना से बाहर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार राउरकेला नगर निगम क्षेत्र में 88,723 महिलाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 77,082 को मंजूरी मिली। लगभग 2,830 आवेदन अब भी लंबित हैं जबकि 4,233 महिलाओं को पहली किस्त मिलने के बाद सूची से हटा दिया गया। महिलाओं का आरोप है कि बिना भौतिक जांच के उनके आवेदन खारिज कर दिए गए, रिकॉर्ड में आय अधिक दिखाकर या आधारहीन कारण बताकर उन्हें वंचित कर दिया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने पहले ही इस योजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि बीजद समर्थित कर्मचारियों ने जानबूझकर पात्र महिलाओं को वंचित किया और यह तत्कालीन खाद्य आपूर्ति मंत्री के कार्यकाल में हुए फर्जी राशन कार्ड आवंटन घोटाले जैसी ही गड़बड़ी है। उन्होंने मांग की कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी मंत्री, अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार ने अब मामले का संज्ञान लिया है और महिला एवं बाल विभाग को लाभार्थियों की नए सिरे से जांच का आदेश दिया है। वाणिज्य एवं परिवहन विभाग वाहन डेटाबेस के आधार पर अपात्र लाभार्थियों को छांटेगा, जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग मृत लाभार्थियों की सूची साझा करेगा।

### दो अज्ञात लोगों ने चैन स्नैचिंग की वारदात को दिया अंजाम, लुटेरे फरार

**सक्ती ।** शहर के बीचो बीच एक महिला से दो अज्ञात लोगों ने चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर अपनी बाइक से फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती शहर के व्यस्तम इलाके वार्ड क्रमांक-15 में शुक्रवार 5 सितंबर की शाम मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने सुभाष चंद्र गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज देवी गर्ग के गले से दो तोले सोने की करीब 2 लाख 30 हजार रुपए कीमत की चेन को लूट कर ले गए तथा श्रीमती सरोज देवी गर्ग शुक्रवार की शाम अपने घर से शिव मंदिर जाने केलिए अपनी पोती मायरा के साथ निकली थी तथा घर से निकलकर कुछ दूर ही गोयल ऑटो के पीछे पहुंची वहां पहले से ताक लगाकर बैठे दो मोटरसाइकिल सवारों ने चेन छीनी और भाग निकले। मोटरसाइकिल सवार इतनी तेज गति से भाग निकले। वहीं घटना की सूचना शक्ति पुलिस को दी गई।

### सप्ताह भर चले अखण्ड नाम जाप का समापन

**कटेली।** अखण्ड रामनाम सप्ताह विगत 30 अगस्त शनिवार को आरंभ होकर 6 सितंबर को पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा स्नान व नगर कीर्तन कर भारी उत्साह के साथ समापन हुआ। सारंगढ़ विखं अन्तर्गत ग्राम कोसीर छोटे में विगत कई वर्षो से भाद्रपद शुक्लपक्ष में अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन होते आ रहा है। इसी तारतम्य में इस वर्ष 30 अगस्त को नाम आरंभ हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के भक्त गणों के साथ साथ भजन मण्डडियों की अहम भूमिका रहती है वहीं गाँव के श्रद्धालुओं को दो दो घंटे की पाली में राधेश्याम सीताराम का नाम जाप पूरे सप्ताह भर अनवरत चलता है। पंडित उमेश नंदे जयकृष्ण नंदे के सानिध्य में पूरे विधि विधान से नाम यज्ञ का आयोजन होता है। नगर किर्तन में एचीचोली उडिसा लोहाखान तथा पण्डरीपानी पूर्व के किर्तन मण्डली के सुमधुर भजनो से श्रोता मंत्रमुग्ध होकर भजनो का रसपान किए।

## क्षेत्र के किसानों को मिला 171 मीट्रिक टन खाद, खिले चेहरे



■ किसानों ने कहा विधायक उमेश पटेल की हुंकार लाई रंग

**खरसिया।** वर्तमान मे खेती का सीजन चल रहा है लेकिन किसानों को खाद की पर्याप्त आपूर्ति शासन द्वारा नहीं की जा रही थी, किसानो को खाद की पर्याप्त आपूर्ति कराए जाने की मांग को लेकर खरसिया विधायक उमेश पटेल ने 4 सितंबर को हजारों किसानो एवं कांग्रेसजनो के साथ मिलकर खरसिया तहसील आफिस का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया था। जिसमे विधायक उमेश पटेल ने शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए हुंकार भरी थी की यदि पांच दिनों के अंदर किसानो को खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं की जाएगी तो कांग्रेस पाटी द्वारा और बड़ा वृहद आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। जिसकी सुखद परिणीति यें हुई की खरसिया मे किसानो को खाद के लिए 5 सितंबर को ही एक रेक खाद पहुंचाई गई एवं 6 सितंबर को अनेक सोसायटीयों को माध्यम से 171 मिट्रिक टन करीब 3800 बोरे किसानो को खाद वितरण प्रारम्भ कर दिया गया है। अब किसानो की खेती में पर्याप्त उत्पादन किया जा सकेगा, किसानों को खाद उपलब्ध होने से किसान हर्ष एवं प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। खरसिया के अनेक किसानो एवं ग्रामीण जनप्रतिनीधीयों ने खाद की उपलब्धता करायें जाने के लिए खरसिया विधायक उमेश पटेल के प्रयासों की भूरी भूरी सराहना करते हुए कहा कि हमे खेती करने के लिए पर्याप्त खाद नहीं मिलने से हम मायूस हो चुके थे लेकिन विधायक उमेश पटेल ने किसानों के हक व अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी जिसके कारण अब किसानों को खाद मिलना प्रारम्भ हो चुका है। कुछ क्षेत्र में जहाँ वर्तमान मे खाद की कमी रह गई है वहा एक दो दिनों मे खाद उपलब्ध हो जाएगा।

## भू अधिग्रहण के लिए नहीं ली गई अनुमति, पंचायत ने लगाया आरोप

**राउरकेला।** लाठीकटा ब्लॉक की बलानी ग्राम पंचायत ने निजी कंपनी एनवायरो केअर इंफ्रासोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पर अवैध रूप से भूमि अधिग्रहण करने का आरोप लगाया है। पंचायत की ओर से राउरकेला के अतिरिक्त जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कंपनी ने बलानी ग्राम की प्लॉट संख्या दो खाता संख्या 126 की लगभग 21 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने के लिए माप जोख की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत का कहना है कि इस संबंध में न तो पंचायत को कोई आवेदन दिया गया और न ही ग्रामसभा से अनुमति ली गई है। पंचायत नियमों के अनुसार किसी भी कंपनी को भूमि अधिग्रहण से पहले ग्रामसभा की मंजूरी और पंचायत से एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है। ऐसे में कंपनी का यह कदम पूरी तरह अवैध है।



■ प्रदेश एनसीपी के राजकुमार ने कहा- होगा आंदोलन

पंचायत ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी तहसीलदार, जिलाधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग दिल्ली और सीएम ग्रिवेंस पोर्टल पर की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि जबरन भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया गया तो क्षेत्र में कानून व्यवस्था की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है जिसका समर्थन प्रदेश एनसीपी के मुखिया डॉक्टर राजकुमार यादव ने भी किया। राउरकेला एडीएम से मिलने जाने वालों में सचिन ओराम सरपंच गरजन, अरजुन सरपंच बलानी, बसंती ओराम समिति सदस्य, अरुणा किस्कू सरपंच सुईडीह, सकरी ओराम सरपंच मुंडाझर, खाल्को डालकी, कंका खालखो सरपंच डालकी, सोम मुंडा समिति सदस्य और टिकेसुसल सिंह शामिल थे।

## जीएसटी में छूट से आम जनता को होगा लाभ : दीवान

**रायगढ़।** जीएसटी की टैक्स स्लैब में में किए जा रहे बदलाव को आजादी के बाद सबसे बड़ा कर सुधार बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा मोदी सरकार के इस निर्णय आम जनता सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। अमीर परिवार हो या गरीब सभी की एक साल में कम से कम 40 से 50 हजार रूपये की बचत हो सकेगी। टैक्स दर में बदलाव के निर्णय से देश की आम जनता सीधे तौर पर प्रभावित होगी और टैक्स की दरों में की गई कमी से प्रत्यक्ष रूप से बचत होगी। आम लोगों के जीवन में अहम और सकारात्मक बदलाव नजर आएंगे। अरुण धर दीवान ने कहा मोदी सरकार द्वारा टैक्स दर में बदलाव किए जाने के निर्णय आम आदमी की बचत बढ़ेगी और टैक्स के रूप में बचे लगभग 6 लाख करोड रुपए बाजार में दोबारा आएंगे। इस अहम निर्णय से आम लोगों के जीवन.स्तर में युगांतरकारी बदलाव देखने मिलेगा।

### सूफियाना अंदाज़ और लोकधुनों से गूंजा रायगढ़

## कैलाश खेर की अद्भुत प्रस्तुति के साथ समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 40वें चक्रधर समारोह 2025 का समापन संध्या अविस्मरणीय संगीत यात्रा में तब्दील हो गई। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी पूरा रायगढ़ बना जब देश के प्रख्यात गायक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कैलाश खेर ने अपने लोकप्रिय बैंड कैलासा के साथ मंच संभाला।

उनकी दमदार, सूफियाना और लोकधुनों से सराबोर गायकी ने जैसे ही सुर साधा, पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। करीब दो दशकों से भारतीय संगीत जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कैलाश खेर ने अब तक 20 से अधिक भाषाओं में 2000 से भी अधिक गीत गाए हैं। समापन अवसर पर उन्होंने अपने सुप्रसिद्ध गीत श्तेरी दीवानी, अल्लाह के बंदे, पिया घर आवेंगे,



मेरी मां, श्हाथों की लकीरें बदल जाएंगी, तेरी सखी मंगल गौरी, और श्बम लहरीश जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर गीत के साथ पंडाल झूमता रहा और श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकार का उत्साहवर्धन किया। उनकी प्रस्तुति में लोकसंगीत की मधुरता और सूफियाना रूहानियत का अद्भुत संगम देखने.सुनने को मिला।

समापन अवसर पर रायगढ़ का पूरा वातावरण मानो संगीत की ध्वनि और श्रद्धा से सराबोर हो उठा। उल्लेखनीय है कि कैलाश खेर ने अपने बैंड कैलासा के साथ अब तक 2000 से अधिक लाइव कॉन्सर्ट प्रस्तुत किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड एंबेसडर चुने गए और सबसे कम उम्र में पद्मश्री पुरस्कार पाने वाले इस कलाकार ने भारतीय लोकधुनों को नया आयाम देने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी गायकी ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को न सिर्फ़ देश में बल्कि विदेशों में भी नई पहचान दिलाई है।

### पद्मश्री नलिनी-कमलिनी की कथक प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



40वें चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पद्मश्री सुश्री नलिनी9कमलिनी की जोड़ी अपनी नृत्य प्रस्तुति से ऐसा समा बांधा कि दर्शक देर तक अभिभूत रहे।इन दोनों बहनों ने कथक नृत्य की हर गति, भाव और अभिव्यक्ति में ऐसी पूर्णता और सौंदर्य की झलक दिखाई, जो उनके वर्षों के साधना और समर्पण को दर्शाता है। चक्रधर समारोह के इस भव्य समापन में वाराणसी के सुप्रसिद्ध कथक गुरु पं. जितेन्द्र महाराज की इन दोनों शिष्याएं की प्रस्तुति न केवल एक नृत्य प्रदर्शन थीए बल्कि भारतीय कलाए संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का सजीव दर्शन भी थी।

